Haryana Government Gazette

EXTRAORDINARY

Published by Authority

© Govt. of Haryana

No. 82-2026/Ext.] CHANDIGARH, FRIDAY, MAY 29, 2026 (JYAISTHA 8, 1948 SAKA)

हरियाणा सरकार

आबकारी तथा कराधान विभाग

अधिसूचना

दिनांक 29 मई, 2026

संख्या 07/एस०टी०–1.– चूंकि, हरियाणा बकाया देय व्यवस्थापन अधिनियम, 2017 (2017 का 35) के अधीन बकाया देयों की वसूली समीचीन है, इसलिए, उक्त अधिनियम की धारा 3 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, हरियाणा के राज्यपाल, इसके द्वारा, निम्नलिखित शर्तों और निर्बन्धनों के अध्यधीन, अधिनियम में यथा विनिर्दिष्ट अवधि के लिए निर्धारित बकाया देयों की वसूली के लिए निम्नलिखित स्कीम अधिसूचित करते हैं, अर्थात्:–

1. (1) यह स्कीम बकाया देयों की वसूली हेतु हरियाणा एकबारगी व्यवस्थापन स्कीम, 2026 कही जा सकती है। (2) यह प्रथम जून, 2026 से लागू होगी।	संक्षिप्त नाम, प्रारम्भ तथा लागूकरण।
2. (1) इस स्कीम में, जब तक संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो– (क) "आवेदक" से अभिप्राय है, कोई भी निर्धारिती या कोई व्यक्ति, जो किसी सुसंगत अधिनियम के अधीन निर्धारित बकाया देयों का भुगतान करने के लिए दायी है, चाहे पंजीकृत हो या नहीं, और जो इस स्कीम के अधीन आवेदन कर के लाभ प्राप्त करने का इच्छुक है; (ख) "नियत दिन" से अभिप्राय है, ऐसी तिथि, जिसको इस स्कीम के उपबंध लागू होंगे; (ग) "दस्तावेज–आधारित छूट" जिसे, इसमें, इसके बाद डीएलडब्ल्यू के रूप में निर्दिष्ट किया गया है, से अभिप्राय है, इस स्कीम के अधीन किसी आवेदक को स्वीकार्य छूट की वह राशि, जो उस छूट/कटौती की राशि के बराबर होगी, जो सुसंगत अधिनियम के उपबंधों के अधीन उन सांविधिक घोषणा प्ररूपों (वैट डी–1, वैट डी–2, कर बीजक/ग–4, प्ररूप–ग, प्ररूप–च, प्ररूप–ज, ई–1 और ई–2) के प्रस्तुत करने से उत्पन्न होगी, जिन्हें आवेदक ने इस स्कीम के अधीन अपने आवेदन के साथ प्रस्तुत किया है और वे असली पाए गए है। दस्तावेज आधारित छूट, जहाँ भी लागू हो, केवल निम्नलिखित में से किसी एक या अधिक अधिनियमों के अधीन बकाया देयों पर ही उपलब्ध होगी, अर्थात् :– (i) हरियाणा मूल्य वर्धित कर अधिनियम, 2003 (2003 का 6), (ii) केन्द्रीय बिक्री कर अधिनियम, 1956 (1956 का केंद्रीय अधिनियम 74),	परिभाषाएं।

	(घ) "आधिकारिक प्राधिकारी" से अभिप्राय है, समुचित निर्धारण प्राधिकारी, जिसकी अधिकारिता के अधीन कोई आवेदक आता है; (ड.) "शुद्ध कर मांग" से अभिप्राय है, कर मांग से दस्तावेज आधारित छूट प्राप्त करने के बाद शेष बची कर की राशि। जहां दस्तावेज आधारित छूट लागू नहीं है, उन मामलों में शुद्ध कर मांग, बकाया कर मांग होगी। (च) "निर्धारित बकाया देय" से अभिप्राय है, कोई भी कर, ब्याज, शास्ति या कोई अन्य निर्धारित देय राशि, 30 जून, 2017 तक की किसी भी अवधि के लिए सुसंगत अधिनियमों के अधीन, जिसका किसी व्यक्ति द्वारा भुगतान नहीं किया गया हो; (छ) "सुसंगत अधिनियम" से अभिप्राय है, इस स्कीम के खंड 4 में उल्लिखित अधिनियम; (ज) "व्यवस्थापन राशि" से अभिप्राय है, आवेदक द्वारा अपने निर्धारित बकाया देयों के व्यवस्थापन के लिए भुगतान की जाने वाली राशि; (झ) "मानक छूट" वह छूट है, जो इस स्कीम से संलग्न अनुसूची–I और Iक, जैसी भी स्थिति हो के अनुसार सभी आवेदकों पर लागू होती है; (2) इस स्कीम में प्रयुक्त, किन्तु अपरिभाषित शब्दों और अभिव्यक्तियों के वही अर्थ होंगे, जो उन्हें सुसंगत अधिनियमों में दिए गए हैं।
निर्धारित बकाया देयों का निर्धारण।	**3.** (1) यह स्कीम में यथा अधिकथित प्रक्रिया का पालन करते हुए निर्धारित बकाया देयों के बदले स्कीम में यथा उपबन्धित छूट का लाभ उठाने के बाद स्कीम के उपबन्धों के अनुसार संगणित व्यवस्थापन राशि जमा करके और स्कीम में वर्णित निबन्धन तथा शर्तों के अध्यधीन सुसंगत अधिनियम (अधिनियमों), के अधीन निर्धारित बकाया देयों की त्वरित वसूली का उपबंध करती है। (2) निर्धारित बकाया राशि का व्यवस्थापन स्कीम के निबन्धन और शर्तों के अध्यधीन केवल प्ररूप ओटीएस–1 में किए गए आवेदन पर ही किया जाएगा। (3) किसी भी सुसंगत अधिनियम के अधीन किसी विशेष निर्धारण वर्ष में किसी निर्धारिती का निर्धारित बकाया कर देय एक लाख रूपऐ तक है, तो उस विशेष निर्धारण वर्ष के लिए ब्याज और शास्ति सहित पूरी बकाया देय राशि को स्कीम के अधीन माफ कर दिया जाएगा और उसे सुसंगत अधिनियम के अधीन उस निर्धारण वर्ष के संबंध में इस लाभ का उपभोग करने हेतु इस स्कीम के अधीन आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। (4) हरियाणा मूल्य वर्धित कर नियम, 2003 के नियम 28 के उपनियम (6) और 29 के उपनियम (7) के अधीन निर्धारित प्ररूप छ–3 में 'मांग और निपटान रजिस्टर' को निर्धारित बकाया राशि का निर्णायक प्रमाण केवल उन मामलों में माना जाएगा, जहाँ निर्धारण का कोई अन्य रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं है।
सुसंगत अधिनियम।	**4.** (1) यह स्कीम निम्नलिखित अधिनियमों पर लागू होगी, अर्थात्:– (i) हरियाणा मूल्य वर्धित कर अधिनियम, 2003 (2003 का 6); (ii) केन्द्रीय ब्रिक्री कर अधिनियम, 1956 (1956 का केन्द्रीय अधिनियम 74); (iii) हरियाणा सुख–साधन कर अधिनियम, 2007 (2007 का 23); (iv) हरियाणा मनोरंजन शुल्क अधिनियम, 1955 (1955 का पंजाब अधिनियम 16); (v) हरियाणा साधारण ब्रिक्री कर अधिनियम, 1973 (1973 का 20); (vi) हरियाणा स्थानीय क्षेत्र विकास कर अधिनियम, 2000 (2000 का 13); (vii) हरियाणा स्थानीय क्षेत्र में माल के प्रवेश पर कर अधिनियम, 2008 (2008 का 8)। (2) आवेदक नियत दिन से एक सौ बीस दिन के भीतर सुसंगत अधिनियमों में से किसी एक या अधिक के अधीन इस स्कीम का विकल्प चुन सकता है। तथापि, यदि कोई आवेदक एक से अधिक सुसंगत अधिनियमों के अधीन आवेदन करने का विकल्प चुनता है, तो उसे प्रत्येक सुसंगत अधिनियम के लिए एक अलग आवेदन दायर करना होगा। चुने गए सुसंगत अधिनियम के अधीन निर्धारित बकाया का व्यवस्थापन वर्ष–वार किया जाएगा। आवेदक अपनी निर्धारित बकाया राशि के निपटान के लिए, अपनी पसंद के अनुसार, एक या अधिक निर्धारण वर्षों का विकल्प चुन सकता है। और ऐसे मामले में उस सुसंगत अधिनियम के अधीन प्रत्येक वर्ष के लिए एक अलग आवेदन भी दायर किया जाएगा। (3) इस स्कीम के अधीन भुगतान की जाने वाली कोई भी राशि, उस सुसंगत अधिनियम के खजाना शीर्ष के अधीन जमा की जाएगी, जिसके लिए इस स्कीम का चयन किया जा रहा है।

(4) आवेदक अपने आवेदन के साथ, प्ररूप ओटीएस–1 में एक घोषणा प्रस्तुत करेगा, इस आशय की आवेदन प्ररूप में और इस स्कीम के अधीन अन्य प्ररूपों में उसके द्वारा दी गई जानकारी, उसकी जानकारी और रिकॉर्ड पर मौजूद सामग्री/दस्तावेजों के अनुसार, पूरी तरह से सत्य और सही है और इसका कोई भी भाग असत्य नहीं है और इसमें कुछ भी छिपाया नहीं गया है।	
5. निर्धारित बकाया देयों की गणना करने के लिए किसी निर्धारण या सुधार या पुनःनिर्धारण या संशोधित आदेश द्वारा मूलतः निर्धारित बकाया देयों के पुनःनिर्धारण संबंध में, पिछले भुगतानों का समायोजन निम्नानुसार होगा:– (i) जहां स्कीम के नियत दिन से पहले आवेदक द्वारा जमा की गई राशि का प्रयोजन/श्रेणी, कर, ब्याज या शास्ति के संबंध में विभाग द्वारा जारी जमा आवेदन/खजाना चालान/रसीद आदि में निर्दिष्ट है, तो उसे तदनुसार यथा निर्दिष्ट माना जाएगा है। (ii) जहां स्कीम के नियत दिन से पहले किसी आवेदक द्वारा सुसंगत अधिनियम के अधीन किसी सुसंगत निर्धारण वर्ष के लिए जमा की गई राशि का प्रयोजन/श्रेणी, विभाग द्वारा जारी जमा आवेदन/खजाना चालान/रसीद आदि में प्रयोजन/श्रेणी, कर, ब्याज या शास्ति आदि विनिर्दिष्ट नहीं किया गया है, को प्रथमतः कर घटक के लिए जमा माना जाएगा और यदि कोई शेष राशि रह जाती है, तो उसे उसके बाद सुसंगत अधिनियम के अधीन संबंधित निर्धारण वर्ष के लिए ब्याज और बाद में शास्ति में समायोजित किया जाएगा। (iii) किसी सुसंगत अधिनियम के अधीन किसी विशेष वर्ष के लिए जमा राशि को केवल उसी सुसंगत अधिनियम में उसी विशेष वर्ष की निर्धारित बकाया कर राशि या बकाया ब्याज राशि या बकाया शास्ति राशि से समायोजित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, स्कीम के नियत दिन से पहले किए गए किसी भी अतिरिक्त भुगतान के संबंध में, जो सुसंगत अधिनियम के अधीन सुसंगत निर्धारण वर्ष के लिए कर घटक से अधिक है, स्कीम के अधीन आवेदक को कोई भी प्रतिदाय प्रोद्भूत नहीं होगा। (iv) आवेदक द्वारा नियत तिथि से पहले, जमा की गई कोई भी राशि केवल उस निर्धारण वर्ष की कर देयताओं के लिए समायोजित की जाएगी जिसके लिए उसे जमा किया गया था। इसे केवल तभी समायोजित किया जाएगा, जब जिस वर्ष के लिए इसे जमा किया गया है उसका उल्लेख खजाना चालान/रसीदों में स्पष्ट रूप से किया गया हो। किसी भी जमा राशि का कोई लाभ नहीं दिया जाएगा यदि जिस वर्ष के लिए इसे जमा किया गया है उसका उल्लेख खजाना चालान/रसीदों में स्पष्ट रूप से नहीं किया गया है। (v) जहां नियत दिन से पहले सुसंगत अधिनियम के अधीन सुसंगत निर्धारण वर्ष के लिए आवेदक द्वारा कुल कर राशि जमा कर दी गई है, तो आवेदक स्कीम के अधीन पात्र होगा और ब्याज या शास्ति के बदले स्कीम के अधीन व्यवस्थापन राशि सुसंगत अधिनियम के अधीन सुसंगत निर्धारण वर्ष के लिए 'शून्य' हो जाएगी। (vi) पिछले भुगतानों के कारण या स्कीम के अधीन दी गई छूट के कारण या किसी अन्य परिस्थिति में आवेदक को कोई प्रतिदाय नहीं मिलेगा। किसी भी निर्धारण वर्ष में, यदि कोई अतिरिक्त राशि जमा हो जाती है, तो उसे किसी भी परिस्थिति में किसी अन्य वर्ष के लिए आगे नहीं ले जाया जाएगा, और न ही सुसंगत अधिनियम के अधीन किसी भी अवधि के लिए करदाता की किसी अन्य देनदारी के प्रति समायोजित किया जाएगा। (vii) जहां इस स्कीम के अधीन स्कीम के नियत दिन को/इसके बाद से आवेदन प्ररूप ओटीएस–1 प्रस्तुत करने की तिथि तक व्यवस्थापन राशि के लिए कोई भी राशि जमा की जाती है, तो उसे उसकी निर्धारित बकाया राशि के व्यवस्थापन राशि में गिना जाएगा।	निर्धारित बकाया देयों के निर्धारण के लिए पूर्व शर्तें।
6. किसी सुसंगत अधिनियम के अधीन कोई निर्धारित बकाया देयों का भुगतान करने की जिम्मेदार कोई भी व्यक्ति और जो इस स्कीम का लाभ उठाना चाहता है, उसे हरियाणा के आबकारी और कराधान विभाग के पोर्टल पर अपनी ई–मेल आईडी, मोबाइल नंबर और अन्य विवरणों के आधार पर अपना पंजीकरण करवाना होगा। सफल पंजीकरण होने पर, एक आईडी और एक 'वन टाइम पासवर्ड' (ओटीपी) जनित होगा, जिसे आवेदक को उसके देयों मोबाइल नंबर और ई–मेल पते पर भेज दिया जाएगा। आवेदक अपने बकाया देयों के व्यवस्थापन के लिए, उपरोक्त यथा वर्णित आईडी का उपयोग करते हुए, विधिवत् हस्ताक्षरित और 'इलेक्ट्रॉनिक सत्यापन कोड' के माध्यम से सत्यापित अपने सभी आवेदन (ओटीएस–1) विभाग के पोर्टल पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्रस्तुत करेगा।	आवेदकों का पंजीकरण।

दस्तावेज–आधारित छूट।	**7.** (i) दस्तावेज आधारित छूट केवल उन व्यक्तियों के लिए उपलब्ध होगी, जिनके पास सुसंगत अधिनियमों के अधीन निर्धारित बकाया देय है, और यदि बकाया देय की कर मांग या उसका कोई भाग वैधानिक प्ररूप जमा न करने के कारण उत्पन्न हुआ है। (ii) दस्तावेज आधारित छूट चाहने वाले आवेदक को अपने आवेदन के साथ, निर्धारित प्ररूप के अनुसार, वैधानिक प्ररूपों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत करना होगा। जमा किए जा रहे दस्तावेजों/सांविधिक प्ररूपों की एक सूची आवेदक द्वारा प्ररूप ओटीएस–1 में दिए गए प्ररूप में प्रस्तुत की जाएगी। आवेदक अपनी कर मांग में से दस्तावेज आधारित छूट को घटाकर अपनी 'शुद्ध कर मांग' का स्व–मूल्यांकन करेगा। दस्तावेज आधारित छूट चाहने वाला आवेदक, जैसी भी स्थिति हो, अनुसूची–1 या अनुसूची–1क के अनुसार मानक छूटों का भी हकदार होगा। आवेदक, अपनी 'शुद्ध कर मांग' का स्वयं से आकलन करने के बाद, ओटीएस–1 में अपना आवेदन पूरा करेगा और उसे पोर्टल पर जमा कर देगा। इसके बाद, आवेदक को अपना ओटीएस–1 आवेदन ऑनलाइन जमा करने के सात दिन के भीतर, आधिकारिक प्राधिकारी के कार्यालय में प्ररूप भौतिक रूप में जमा करने होंगे। आवेदक द्वारा जमा किए गए भौतिक वैधानिक प्ररूपों/दस्तावेजों का मिलान ओटीएस–1 में दी गई सूची से किया जाएगा। प्राप्त दस्तावेजों/सांविधिक प्ररूपों की, सिस्टम द्वारा तैयार की गई पावती, प्ररूप ओटीएस–2क में जारी की जाएगी। (iii) दस्तावेज से जुड़ी छूट केवल वैधानिक प्ररूपों पर लागू होगी, नामत:– वैट डी–1, वैट डी–2, कर बीजक/ग–4, प्ररूप ग, प्ररूप च, प्ररूप ज, ई–1 और ई–2. यह छूट केवल उन सांविधिक प्ररूपो/दस्तावेजों के संबंध में दी जाएगी, जो सत्यापन के बाद असली पाए जाते हैं। तथापि, ऐसे किसी भी सांविधिक प्ररूप/दस्तावेज के संबंध में ऐसी कोई छूट नहीं दी जाएगी, जिसे आधिकारिक प्राधिकारी ने सत्यापन के बाद, उस आदेश को पारित करते समय अस्वीकार कर दिया था जिससे बकाया देय उत्पन्न हुए थे (मूल मूल्यांकन आदेश, सुधार, पुनर्मूल्यांकन या संशोधन आदेश)। तथाति, यह छूट ऐसे प्ररूपों को नही दी जाएगी जिन्हें जाली/नकली घोषित किया गया है, या जहाँ ऐसे फर्मों के विरूद्ध आपराधिक कार्यवाही शुरू की गई है। (iv) सत्यापन की प्रक्रिया, उचित क्षेत्राधिकार वार्ड में सांविधिक प्ररूपों/दस्तावेजों की प्राप्ति के पंद्रह दिन के भीतर शुरू हो जाएगी। आवेदक द्वारा जमा किए गए दस्तावेजों/ सांविधिक प्ररूपों का सत्यापन, स्कीम के समापन के तीन मास के भीतर पूरा कर लिया जाएगा या ऐसे समय तक, जिसे आबकारी और कराधान आयुक्त द्वारा बढ़ाया जाए। (v) ऐसे वैधानिक प्ररूपों/दस्तावेजों के लिए दस्तावेज–आधारित छूट का कोई लाभ स्वीकार्य नहीं होगा, जिनका सत्यापन निर्धारित समय के भीतर नहीं किया जा सका हो। तथापि, आवेदक स्कीम के अधीन दिए गए अन्य लाभ प्राप्त करने के लिए पात्र होगा। वैधानिक प्ररूपों/दस्तावेजों की अस्वीकृति से उत्पन्न व्यवस्थापन राशि की कमी के बारे में आवेदक को प्ररूप ओटीएस–3 में उपरोक्त खण्ड (iv) के अधीन यथा विहित अवधि के भीतर दिया जाएगा। आवेदक को व्यवस्थापन राशि में कमी को पूरा करने के लिए, यह राशि एकमुश्त, अपने उत्तर के साथ प्ररूप ओटीएस–3क में प्ररूप ओटीएस–3 में नोटिस मिलने के पंद्रह दिन के भीतर जमा करनी होगी। (vi) जहाँ दस्तावेज आधारित छूट का लाभ लेने के लिए दिया गया आवेदन, अधिकारी की संतुष्टि के अनुसार सही नहीं पाया जाता है, या निर्धारित समय के भीतर कमी वाली उसमें मौजूद कमी को दूर नहीं किया जाता है, या निर्धारित समय के भीतर कमी वाली राशि जमा नहीं की जाती है, तो प्ररूप ओटीएस–5 में आवेदन को अस्वीकार करने का आदेश जारी किया जाएगा। आवेदन को शुरू से ही अस्वीकार कर दिया जाएगा। आवेदक को जमा किए गए दस्तावेजों/ सांविधिक प्ररूपों का कोई लाभ नहीं दिया जाएगा, यह मान लिया जाएगा कि जैसे कोई आवेदन कभी किया ही नहीं गया था। बकाया देय वही रहेंगे जो आवेदन दायर करने से पहले थी। व्यवस्थापन राशि के रूप में दायर की गई राशि को बकाया राशि के मद्दे समायोजित कर दिया जाएगा। कोई भी राशि प्रतिदाय नहीं की जाएगी। बकाया देयों की वसूली के लिए सुसंगत अधिनियम के अधीन आगे की कार्यवाही जारी रहेगी।
निर्धारित बकाया देयों का व्यवस्थापन और आवेदन प्रक्रिया।	**8.** (1) आवेदक को, व्यवस्थापन राशि के तौर पर, अपनी निर्धारित बकाया राशि के बदले में एक राशि का भुगतान करना होगा, स्कीम की अनुसूची–I और Iक के अनुसार इन निर्धारित बकाया देयों के बदले में राशि, व्यवस्थापन के माध्यम से भुगतान करनी होगी।

व्याख्या: आवेदक, अनुसूची–I या अनुसूची– II, जो भी लागू हो के अधीन छूट की प्रत्येक स्लैब के लिए अलग से छूट का हकदार होगा। इन स्लैबों में, आवेदक की कर मांग के आधार पर उच्चतम स्लैब और उससे पूववर्ती सभी स्लैब शामिल होंगी।

(2) जो आवेदक दस्तावेज आधारित छूट का लाभ नहीं लेना चाहते हैं या इसके हकदार नहीं हैं, वे भी ओटीएस–1 भरेंगे और अपनी कर मांग पर, जैसा भी मामला हो, अनुसूची–I या अनुसूची– II के अनुसार छूट का दावा करेंगे।

(3) सुसंगत अधिनियम की किसी भी धारा के अधीन लगाया गया ब्याज और शास्ति, उस वर्ष के लिए माफ कर दिया जाएगा जिसके लिए आवेदक ने आवेदन किया है, और यह छूट केवल तभी मिलेगी जब व्यवस्थापन के लिए उसका आवेदन सही पाया जाएगा।

व्याख्या– सुसंगत अधिनियम की किसी भी धारा के अधीन निर्धारित बकाया देयों पर लगने वाला ब्याज भी इस खंड में उल्लिखित ब्याज में भी शामिल माना जाएगा।

(4) सभी आवेदक, चाहे वे दस्तावेज आधारित छूट का लाभ लेना चाहते हों या नहीं, स्कीम के साथ संलग्न अनुसूची–1 या 1क (जो भी लागू हो) के अनुसार उनकी शुद्ध कर मांग पर निर्भर करते हुए मानक छूट के हकदार होंगे।

(5) ओटीएस–1 की प्रक्रिया केवल व्यवस्थापन की बकाया राशि का भुगतान करने के बाद ही पूरी मानी जाएगी। आवेदक को अपने आवेदन (प्ररूप ओटीएस–1) के साथ, व्यवस्थापन राशि के भुगतान का प्रमाण या यदि किस्तों में भुगतान किया जा रहा है, तो पहली किस्त के भुगतान का प्रमाण, प्रस्तुत करना होगा।

(6) आवेदक अपने बकाया देयों के व्यवस्थापन के लिए एकमुश्त भुगतान करने का विकल्प चुन सकता है या अनुसूची–II में उपलब्ध विकल्प के अनुसार किस्तों में भुगतान कर सकता है।

(7) आवेदक को व्यवस्थापन के अनंतिम आदेश की तिथि से साठ दिनों के भीतर दूसरी किस्त का भुगतान करना होगा, जिसके साथ प्ररूप ओटीएस–1क में जानकारी भी देनी होगी, और उसके बाद, अनंतिम व्यवस्थापन आदेश ओटीएस–4क की तिथि से 120 दिन के भीतर तीसरी किस्त का भुगतान करना होगा, जिसके साथ प्ररूप ओटीएस–1ख में जानकारी भी देनी होगी।

(8) आवेदक विलंब अवधि के लिए अठारह प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से अतिरिक्त ब्याज के भुगतान पर दूसरी किस्त का भुगतान तीसरी किस्त की अंतिम तिथि तक कर सकता है।

(9) यदि भुगतान अनुसूची–II में निर्दिष्ट अवधि के भीतर, या उपरोक्त उप–खंड (8) में दी गई अवधि के भीतर नहीं किया जाता है, तो स्वीकृति का अनंतिम आदेश वापस लिया गया माना जाएगा और यह भी माना जाएगा कि जैसे आवेदन कभी किया ही नहीं गया था और आवेदक के विरुद्ध लागू सुसंगत अधिनियम के अधीन कार्यवाही शुरू की जाएगी और तदनुसार आधिकारिक प्राधिकारी प्ररूप ओटीएस–5 में अस्वीकृति का आदेश जारी करेगा।

(10) कोई भी आवेदक, जिसने इस स्कीम के अधीन प्ररूप ओटीएस–1 में आवेदन प्रस्तुत करने की तिथि तक सुसंगत अधिनियम के अधीन अपने बकाया देयों को निर्धारित कर लिया है, चाहे वह बकाया देय सुसंगत अधिनियम के अधीन अपीलीय प्राधिकारी, हरियाणा कर अधिकरण, पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय या सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष अपील में हो या न हो, वह अपने निर्धारित बकाया देयों के व्यवस्थापन के लिए इस स्कीम के अधीन आवेदन करने का विकल्प चुन सकता है:

परंतु वह प्ररूप ओटीएस–4क में व्यवस्थापन के अनंतिम आदेश की सूचना मिलने के साठ दिन के भीतर ऐसी अपील को पूरी तरह और बिना किसी शर्त के वापस ले लेगा।

(11) इस स्कीम के खण्ड 3 के उपखण्ड (3) में निर्दिष्ट निर्धारितियों को छोडकर किसी भी आवेदक, जो कोई भी लाभ उठाना चाहता है, उसे इस स्कीम के अधीन आवेदन करना होगा।

(12) प्ररूप ओटीएस–1 में आवेदन सफलतापूर्वक ऑनलाइन प्रस्तुत होने पर, दस्तावेज आधारित छूट से संबंधित मामलों को छोड़कर, आवेदक को प्ररूप ओटीएस–2 में सिस्टम जनित पावती इलेक्ट्रॉनिक रूप से जारी की जाएगी। दस्तावेज आधारित छूट संबंधित मामलों में, पावती स्कीम के खंड 7(ii) के अनुसार तैयार की जाएगी।

(13) इस स्कीम के अधीन किसी भी चरण पर भुगतान की गई व्यवस्थापन राशि का कोई भी प्रतिदाय किसी भी परिस्थिति में स्वीकार्य नहीं होगा। इसे आवेदक के विरुद्ध निर्धारित बकाया देयों में समायोजित किया जाएगा।

प्ररूप का सत्यापन तथा आवेदन ओटीएस–1 तथा डीएलडब्ल्यू का प्रसंस्करण।	**9.** आवेदनों के प्रसंस्करण करने की प्रक्रिया निम्नलिखित रीति में होगी, अर्थात्:– (1) आधिकारिक प्राधिकारी सबसे पहले, पावती मिलने के दस दिन के भीतर, प्ररूप ओटीएस–1 में दिए गए आवेदन की जांच करेगा ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि उसे सही अधिकार क्षेत्र वाले वार्ड में भेजा गया है या नहीं। ऐसे मामलों में, यदि आवेदन उसके वार्ड से संबंधित नहीं है, तो उसे सही आवंटन के लिए उप आबकारी और कराधान आयुक्त के पास भेजा जाएगा। उप आबकारी और कराधान आयुक्त, अनुरोध प्राप्त होने के दस दिन के भीतर, उसे मिले ऐसे आवेदन के लिए सही वार्ड आवंटित करेगा। वैधानिक प्ररूप/दस्तावेजों को संबंधित क्षेत्राधिकार वाले प्राधिकारी (वार्ड) द्वारा भौतिक रूप से स्वीकार किया जाएगा, जिसे सिस्टम द्वारा आवेदन आवंटित किया गया है। वैधानिक प्ररूप/घोषणाओं के भौतिक रूप से प्राप्त होने पर, यह आधिकारिक प्राधिकारी (वार्ड) प्ररूप ओटीएस–2क में सिस्टम द्वारा जारी एक पावती प्रदान करेगा। ऐसे मामलों में, जहाँ आवेदन सही आधिकारिक प्राधिकारी से संबंधित नहीं है, वहाँ आवेदन को सही अधिकारी को आवंटित करने की प्रक्रिया, जैसा कि ऊपर बताया गया है, बाद में शुरू की जाएगी। (2) आधिकारिक प्राधिकारी, स्कीम और सुसंगत अधिनियम के उपबंधों के अनुसार, प्ररूप ओटीएस–1 में दिए गए आवेदन की उपयुक्तता, सही होने, बकाया देयों की गणना, संबंधित व्यवस्थापन राशि और उसकी वैधता के संबंध में जांच और सत्यापन करेगा। ऐसे मामलों में, जहां कोई दस्तावेज आधारित छूट शामिल नहीं है, प्ररूप ओटीएस–1 के आवेदन की जांच और सत्यापन की प्रक्रिया, पावती जारी होने या सही वार्ड के आवंटन के तीस दिन के भीतर पूरी कर ली जाएगी। ऐसे मामलों, में जहां दस्तावेज आधारित छूट शामिल है, प्ररूप ओटीएस–1 के आवेदन और वैधानिक प्ररूपों की घोषणाओं के सत्यापन की प्रक्रिया, खण्ड 7(iv) के अधीन निर्धारित समय–सीमा के भीतर पूरी की जाएगी। (3) ऐसे सभी मामलों में, जहाँ जाँच और सत्यापन की प्रक्रिया के परिणामस्वरूप, आवेदक का दावा, निर्धारित बकाया देयों और स्कीम के उपबंधों को ध्यान में रखते हुए, उसके द्वारा स्वयं निर्धारित व्यवस्थापन राशि के संबंध में सही पाया जाता है, और जहाँ भुगतान का प्रमाण तथा अन्य सभी प्रासंगिक विवरण भी सही पाए जाते हैं, वहाँ आधिकारिक प्राधिकारी या तो प्ररूप ओटीएस–4 में निपटान आदेश जारी करेगा या वह प्ररूप ओटीएस–4क में अनंतिम व्यवस्थापन आदेश जारी करेगा, यदि आवेदक ने किस्तों में भुगतान का विकल्प चुना है, अथवा उसे अपील वापस लेने का प्रमाण प्रस्तुत करना आवश्यक है। (4) ऐसे सभी मामलों में, जहाँ जाँच और सत्यापन की प्रक्रिया के परिणामस्वरूप, कोई कमी/विसंगति पाई जाती है, जिसमें ओटीएस–1 आवेदन में किसी भी आधार पर वैधानिक प्ररूपों/घोषणाओं का सत्यापन न होना या उन्हें अस्वीकार किया जाना शामिल है, वहाँ आवेदक को प्ररूप ओटीएस–3 में एक 'कमी नोटिस' जारी की जाएगी। यह सूचना, सत्यापन और जाँच से संबंधित खंड 9(2) या 7(iv), जैसी भी स्थिति हो, के अधीन निर्धारित समय–सीमा के भीतर जारी की जाएगी। इस सूचना के माध्यम से आवेदक से यह अपेक्षा की जाएगी कि वह उक्त कमी/विसंगति को, जिसमें व्यवस्थापन की बकाया राशि भी शामिल है, यदि कोई हो, दूर करे, और इस सूचना के जारी होने के पंद्रह दिन के भीतर प्ररूप ओटीएस–3क में इसका उत्तर दे। (5) यदि आवेदक, कमी नोटिस जारी होने के बाद, निर्धारित समय के भीतर आधिकारिक प्राधिकारी की संतुष्टि के अनुसार, कमी/विसंगति को दूर कर देता है, जिसमें व्यवस्थापन की बकाया राशि का भुगतान करना भी शामिल है, तो उसके द्वारा, प्ररूप ओटीएस–3क में उत्तर प्राप्त होने के पंद्रह दिन के भीतर, जैसी भी स्थिति हो, प्ररूप ओटीएस–4 में व्यवस्थापन आदेश या प्ररूप ओटीएस–4क में अनंतिम व्यवस्थापन आदेश पारित किया जाएगा। (6) जहाँ आवेदक नोटिस की शर्तों का पालन करने में विफल रहता है, अर्थात् उक्त नोटिस का उत्तर ओटीएस–3क में नहीं देता और कमी/विसंगति को दूर नहीं करता, तो आवेदन को लिखित रूप में दर्ज कारणों के आधार पर अस्वीकार कर दिया जाएगा, और ओटीएस–3क प्ररूप में जवाब मिलने के पंद्रह दिन के भीतर ओटीएस–5 प्ररूप में एक आदेश पारित किया जाएगा। (7) ऐसे मामलों में, जहाँ कोई आवेदक बकाया राशि के विरुद्ध अपील में है और वह इस स्कीम का लाभ उठाना चाहता है, तो उसे सुसंगत अधिनियम के अधीन प्रथम अपीलीय प्राधिकारी, हरियाणा कर अधिकरण, पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय या उच्चतम न्यायालय के समक्ष लंबित इस मामले से संबंधित सभी अपीलें पूरी तरह और बिना किसी शर्त के वापस लेनी होंगी। उसे प्ररूप ओटीएस–4क प्राप्त होने के साठ दिन के भीतर, प्ररूप ओटीएस–6 में अपील वापस लेने का प्रमाण आधिकारिक प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करना होगा। अपील वापस लेने का आदेश इस संबंध में निर्णायक प्रमाण माना जाएगा।

(8) यदि प्ररूप ओटीएस–4क प्राप्त होने के साठ दिन के भीतर प्ररूप ओटीएस–6 प्रस्तुत नहीं किया जाता है, तो यह मान लिया जाएगा कि आवेदक ने कभी आवेदन किया ही नहीं था। ऐसे में, प्ररूप ओटीएस–5 में व्यवस्थापन अस्वीकृति का आदेश पारित किया जाएगा, और आवेदक के विरुद्ध लागू सुसंगत अधिनियम के अधीन लंबित कार्यवाही जारी रहेगी। (9) सुसंगत अधिनियम के अधीन किसी भी अपीलीय प्राधिकरण, हरियाणा कर अधिकरण, पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय या सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष लंबित कोई भी कार्यवाही, उन आवेदकों के लिए, जिन्होंने इस स्कीम को चुना है, तब तक स्थगित रखी जाएगी, जब तक कि इस स्कीम के अधीन प्ररूप ओटीएस–4क में व्यवस्थापन का अनंतिम आदेश पारित नहीं हो जाता। (10) यदि आवेदक ने तथ्यों को छिपाकर या गलत जानकारी देकर सूचना प्रस्तुत की है, उन निर्धारित बकाया देयों से संबंधित तथ्यों को छिपाकर जिनके लिए आवेदन किया गया था, दस्तावेज आधारित छूट में जमा किए गए दस्तावेज/ सांविधिक प्ररूप बाद में किसी भी चरण में, वास्तविक नहीं पाए जाते हैं, दावाकृत की गई राशि वास्तव में जमा नहीं पाई जाती या उसका पुनः उपयोग किया गया पाया जाता है, तो प्ररूप ओटीएस–4 में दिया गया व्यवस्थापन आदेश या प्ररूप ओटीएस–4क में दिया गया अनंतिम व्यवस्थापन आदेश रद्द कर दिया जाएगा, और आधिकारिक प्राधिकारी द्वारा प्ररूप ओटीएस–5 में अस्वीकृति का आदेश पारित किया जाएगा। (11) जहाँ प्ररूप ओटीएस–5 में व्यवस्थापन को अस्वीकार करने का आदेश जारी किया जाता है, वहाँ इस स्कीम के अधीन आवेदक द्वारा भुगतान की गई राशि, यदि कोई हो, को सुसंगत अधिनियम के अधीन उसकी देनदारियों के विरुद्ध समायोजित किया जाएगा और ऐसी राशि किसी भी स्थिति में प्रतिदाय नहीं की जाएगी। (12) दस्तावेज आधारित छूट चाहने वाले आवेदनों के लिए, आधिकारिक प्राधिकारी प्ररूप ओटीएस–1 की क्रम संख्या 9 पर आवेदक द्वारा किए गए दावों की जाँच करेगा। जाँच की प्रक्रिया सुसंगत अधिनियम के उपबंधों और जारी किए गए निर्देशों के अनुसार की जाएगी। प्रस्तुत किए गए दस्तावेजों/ सांविधिक प्ररूपों का सत्यापन स्कीम के खंड 7(iv) में निर्धारित समय सीमा के अनुसार पूरा किया जाएगा। वैधानिक प्ररूपों/घोषणाओं को सत्यापित करने और स्कीम के अनुसार दस्तावेज आधारित छूट की गणना करने के बाद, आवेदन के शेष भाग की जाँच उन अन्य मामलों की तरह ही की जाएगी, जिनमें दस्तावेज आधारित छूट शामिल नहीं है। (13) इस स्कीम के अधीन सभी आवेदनों पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से कार्रवाई की जाएगी।	
10. (1) ऐसे आवेदक भी स्कीम का लाभ लेने के लिए पात्र होंगे, जिनके निर्धारित बकाया देयों को आधिकारिक प्राधिकारी द्वारा हरियाणा माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 (2017 का 19) के अधीन ऐसे देयों की वसूली के लिए हरियाणा माल और सेवा कर नियम, 2017 के प्ररूप जीएसटी डीआरसी–07क में अपलोड किया गया है। (2) आधिकारिक प्राधिकारी, प्ररूप ओटीएस–4 के सफलतापूर्वक जारी होने के बाद, प्ररूप जीएसटी डीआरसी–07क के माध्यम से सृजित मांग को संशोधित करेगा और हरियाणा माल और सेवा कर नियम, 2017 का प्ररूप जीएसटी डीआरसी–08क जारी करेगा।	विद्यमान विधि के अधीन निर्धारित बकाया देयों की वसूली के लिए हरियाणा माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 (2017 का 19) की धारा 142क के अधीन उपबन्ध।
11. (1) स्कीम के अधीन भुगतानयोग्य राशि के संबंध में पारित व्यवस्थापन का अंतिम आदेश, इसमें कथित मामले और समयावधि के संबंध में निर्णायक होगा और आवेदक,– (क) व्यवस्थापन के अंतिम आदेश में सम्मिलित मामले और समयावधि के संबंध में कोई अतिरिक्त कर, ब्याज या शास्ति का भुगतान करने के लिए दायी नहीं होगा; (ख) आदेश में सम्मिलित मामले और समयावधि के संबंध में सुसंगत अधिनियम के अधीन अभियोजित किए जाने का दायी नहीं होगा। (2) ऐसे आदेश में सम्मिलित सभी मामले और समयावधि को सुसंगत अधिनियम के अधीन किन्हीं अन्य कार्यवाहियों पर नए सिरे से विचार नहीं किया जाएगाः परन्तु जहां आवेदन में दिए गए कोई तात्विक विवरण, व्यवस्थापन के आदेश के बाद मिथ्या पाया जाता है, तो यह माना जाएगा कि आवेदन कभी नहीं किया गया था और लागू सुसंगत अधिनियम के अधीन आवेदक के विरुद्ध कार्यवाही संस्थित की जाएगी।	व्यवस्थापन के अंतिम आदेश से निकलने वाले विशेषाधिकार।

कर, ब्याज या शास्ति के रूप में नियत दिन से पूर्व भुगतान की गई राशि का अप्रतिदाय।	**12.** नियत तिथि से पहले भुगतान/जमा किया गया कोई भी कर, ब्याज या शास्ति या कोई अन्य राशि वापस नहीं की जाएगी और स्कीम के अधीन व्यवस्थापन राशि से समायोजित नहीं की जाएगी।
व्यवस्थापन के संबंध में निर्बन्धन।	**13.** इस स्कीम के अधीन भुगतानयोग्य किसी भी राशि का भुगतान न तो इनपुट कर के माध्यम से किया जाएगा और न ही इस राशि का सुसंगत अधिनियम या किसी अन्य अधिनियम के अधीन किसी भी व्यक्ति द्वारा इनपुट कर के रूप में दावा करने की अनुमति दी जाएगी।
त्रुटियों का सुधार।	**14.** आधिकारिक प्राधिकारी, जिसने इस स्कीम के अधीन व्यवस्थापन आदेश पारित किया है, ऐसे आदेश में अभिलेख के आधार पर स्पष्ट रूप से दिखाई देने वाली किसी भी त्रुटि को सुधारने के लिए, ऐसे आदेश के जारी होने की तिथि से पैंतालीस दिन की अवधि के भीतर, स्वप्रेरणा से या इस संबंध में उसे किए गए आवेदन पर, ऐसे आदेश में सुधार कर सकता है।
कठिनाई दूर करना।	**15.** यदि इस स्कीम के किन्हीं उपबन्धों को प्रभावी रूप देने में कोई कठिनाई उत्पन्न होती है तो सरकार, सामान्य या विशेष आदेश द्वारा, इस स्कीम के उपबन्धों से अनअसंगत प्ररूपों में संशोधन सहित ऐसे उपबन्ध कर सकती है, जो उक्त कठिनाई को दूर करने के प्रयोजन के लिए आवश्यक या समीचीन हों।
संदेह दूर करना।	**16.** इस स्कीम से उत्पन्न किसी संदेह के मामले में, उस पर आबकारी तथा कराधान आयुक्त, हरियाणा का निर्णय अंतिम होगा।
स्कीम का चुनाव करने के लिए अपात्र आवेदक।	**17.** निम्नलिखित श्रेणियों के आवेदक किसी सुसंगत अधिनियम के अधीन किसी विशेष वर्ष के लिए स्कीम के अधीन लाभ के लिए पात्र नहीं होंगे, जहाँ,– (क) सुसंगत अधिनियम के अधीन किसी विशेष वर्ष के लिए त्रुटिपूर्ण प्रतिदाय से संबंधित मांग है; (ख) जहां किसी मामले में किसी सुसंगत अधिनियम के अधीन किसी विशेष वर्ष के लिए दाण्डिक कार्यवाही शुरू की गई है, तो आवेदन केवल उस सुसंगत अधिनियम के अधीन उस विशेष वर्ष के लिए व्यवस्थापन का लाभ उठाने के लिए स्कीम के अधीन उपयुक्त नहीं होगा; (ग) जिस आवेदक ने हरियाणा बकाया देयों के व्यवस्थापन के लिए एकमुश्त व्यवस्थापन स्कीम, 2023 और हरियाणा बकाया देयों की वसूली करने हेतु एकबारगी व्यवस्थापन स्कीम, 2025 के अधीन लाभ प्राप्त करने के लिए आवेदन किया था और वो आवेदन नियत दिन से अस्वीकार नहीं किया गया है।
व्यवस्थापन के अंतिम आदेश के विरुद्ध अपील नहीं होना।	**18.** स्कीम के अधीन आधिकारिक प्राधिकारी द्वारा पारित व्यवस्थापन या अस्वीकृति के अंतिम आदेश के विरुद्ध सुसंगत अधिनियम के अधीन किसी अपीलीय प्राधिकारी, हरियाणा कर आधिकरण, पंजाब तथा हरियाणा उच्च न्यायालय या सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष कोई अपील नहीं की जाएगी।
समयावधि में विस्तार।	**19.** (1) सरकार, या तो स्वप्रेरणा से या हितधारकों के प्रतिवेदन पर, इस स्कीम के अधीन आवेदन करने के लिए समयावधि में विस्तार कर सकती है। (2) संयुक्त आबकारी एवं कराधान आयुक्त (रेंज) मामले दर मामले के आधार पर आधिकारिक प्राधिकारी द्वारा इस स्कीम के अधीन जारी किए जाने वाले किसी नोटिस या आदेश को जारी करने या उप आबकारी तथा कराधान आयुक्त द्वारा उचित अधिकारिता वार्ड के आबंटन के लिए समयावधि को लिखित रूप में दर्ज किए जाने वाले कारणों से अधिकतम तीस दिन की अवधि के लिए बढ़ा सकते हैं।
क्षतिपूर्ति।	**20.** (1) इस स्कीम के अनुसरण में सद्भावपूर्वक की गई या किए जाने के लिए आशयित किसी बात के लिए सरकार या सरकार के किसी कर्मचारी/अधिकारी के विरूद्ध कोई वाद, अभियोजन या अन्य विधिक कार्यवाही नहीं हो सकेगी। (2) किसी कर्मचारी/अधिकारी के विरूद्ध केवल आवेदक द्वारा भुगतानयोग्य निर्धारित बकाया देयों की राशि की गणना में बाद में त्रुटि का पता चलने के आधार पर तब तक कोई कार्यवाही शुरू नहीं की जाएगी जब तक कदाचार का सबूत न हो।

अनुसूची–I

[देखिए खण्ड 8(1), (2) और (4)]

हरियाणा सामान्य बिक्री कर अधिनियम, 1973 के अधीन निर्धारित बकाया देयों के बदले व्यवस्थापन राशि का निर्धारण।

क्रम संख्या	सुसंगत अधिनियम का नाम <<स्वतः भरा हुआ>>	निर्धारण वर्ष <<स्वतः भरा हुआ>>	आदेश संख्या, जिसके द्वारा बकाया राशि निर्धारित की गई थी << अनिवार्य >>	आदेश की तिथि <<अनिवार्य >>	आदेश के अनुसार कुल निर्धारित बकाया राशि (कर, ब्याज और शास्ति सहित)	खाना (6) में ब्याज की राशि (रूपये में)	खाना (6) में शास्ति की राशि (रूपये में)
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(6क)	(6ख)
1							
2							

खाना (6) में से कुल निर्धारित बकाया कर [(6)–(6क)–(6ख)] (रु. में)	बकाया कर की निर्धारित राशि का स्लैब	स्कीम के स्लैब के अनुसार मानक छूट का प्रतिशत	खाना (9) के अनुसार स्कीम के अधीन कर की कुल मानक छूट	स्कीम के अधीन देय व्यवस्थापन राशि [खाना (7)–(10))	खाना (6क) में दर्शाई गई ब्याज की व्यवस्थापन राशि (अर्थात् 0%)	खाना (6ख) में दर्शाई गई शास्ति की व्यवस्थापन राशि (अर्थात् 0%)	कुल देय व्यवस्थापन राशि [(11)+(12)+(13)]
(7)	(8)	(9)	(10)	(11)	(12)	(13)	(14)
	(i) 1 रुपये से 1 लाख रुपये तक	100%					
	(ii) रुपये 1 लाख से अधिक	70%					

अनुसूची–Iक

[देखिए खण्ड 7(2), 8(1), (2) और (4)]

हरियाणा सामान्य बिक्री कर अधिनियम, 1973 को छोड़कर, सुसंगत अधिनियमों के अधीन निर्धारित बकाया देयों के बदले व्यवस्थापन राशि का निर्धारण।

क्रम संख्या	अधिनियम का नाम <<स्वतः भरा हुआ>>	निर्धारण वर्ष <<स्वतः भरा हुआ>>	आदेश संख्या जिसके द्वारा बकाया देय निर्धारित किये गये <<अनिवार्य>>	आदेश की तिथि <<अनिवार्य>>	खाना संख्या (4) में उल्लिखित आदेश में शामिल कुल राशि (कर, ब्याज और शास्ति) <<अनिवार्य>>	दस्तावेजों / सांविधिक प्ररूपों को जमा करने के मद्दे छूट का दावा (डीएलडब्ल्यू)	शुद्ध बकाया देय (खाना (6)–(7)) (कर, ब्याज और शास्ति)	खाना (8) से ब्याज की राशि (रूपये में)	खाना (8) से शास्ति की राशि (रूपये में)
(1)	**(2)**	**(3)**	**(4)**	**(5)**	**(6)**	**(7)**	**(8)**	**(8क)**	**(8ख)**
1									
2									
3									
4									
5									
6									
7									
8									

खाना संख्या (8) में शामिल कर की राशि <<अनिवार्य>> (शुद्ध कर मांग) [(8)–(8क)– (8ख)]	स्कीम के स्लैब के अनुसार मानक छूट की प्रतिशतता (मानक छूट स्लैब के अनुसार लागू होगी)	स्कीम के अधीन खण्ड (8) के अनुसार कर की कुल स्लैब के अनुसार मानक छूट	स्कीम के अधीन भुगतानयोग्य देय अवस्थापन राशि – खाना (9) – (खाना (11) का कुल योग)	खाना (8क) में दर्शाई गई ब्याज की अवस्थापन राशि (अर्थात् 0%)	खाना (8ख) में दर्शाई गई शास्ति की अवस्थापन राशि (अर्थात् 0%)	भुगतान योग्य शुद्ध राशि (12)+(13)+ (14) <<अनिवार्य>>
(9)	(10)	(11)	(12)	(13)	(14)	(15)
	i) 1 रुपये से 1 लाख रुपये तक – 100%					
	ii) 1 लाख से अधिक से 10 लाख तक – 60%					
	iii) 10 लाख से अधिक से 1 करोड़ तक– 50%					
	iv) 1 करोड़ से अधिक से 10 करोड़ तक– 40%					
	v) 10 करोड़ रुपये से 30 करोड़ तक – 35%					
	vi) 30 करोड़ रुपये से 60 करोड़ तक – 30%					
	vii) 60 करोड़ रुपये से अधिक– 0%					
	योग					

उदाहरणः– बकाया टैक्स राशि में से, अनुसूची–1 और 1क में दिए गए अनुसार मानक छूट की गणना स्लैब–वार की जाएगी, जैसा कि नीचे दिए गए उदाहरण में किया गया है:–

व्यवहारी मैसर्स A पर सीएसटी अधिनियम, 1956 के अधीन वित्तीय वर्ष 2015–16 के लिए कुल 83 करोड़ रुपये का बकाया (कर, ब्याज और शास्ति) है। इस निर्धारित बकाया देय राशि में से, 5 करोड़ रुपये ब्याज की राशि है और 5 करोड़ रुपये शास्ति की राशि है। उस पर 73 करोड़ रुपये का निर्धारित बकाया कर राशि है। वह प्ररूप–ग जमा करना चाहता है। निर्धारण आदेश में, प्ररूप–ग न होने के कारण बिक्री पर लागू कर की दर 13.125% है। प्ररूप–ग में उल्लिखित शुद्ध बिक्री मूल्य (करतत्व के बिना) 90.00 करोड़ रुपये है, जिसका कर प्रभाव 10,01,25,000/– रुपये (13.125% – 2% = 11.125%) है। (टिप्पणः 2% केन्द्रीय बिक्री कर मांग में शामिल होना चाहिए, यदि, पहले ही भुगतान नही किया गया है।)

स्कीम के प्रावधानों के अनुसार, ब्याज और शास्ति पूरी तरह से माफ कर दिया गया है।

अनुसूची–।क

{देखिए खण्ड 7(2), 8(1), (2) और (4)}

केन्द्रीय बिक्री कर अधिनियम, 1956 के अधीन निर्धारित बकाया देयों के बदले व्यवस्थापन राशि का निर्धारण।

क्रम संख्या	सुसंगत अधिनियम का नाम <<स्वतः भरा हुआ>>	निर्धारण वर्ष <<स्वतः भरा हुआ>>	आदेश संख्या जिसके द्वारा बकाया देय निर्धारित किये गये <<अनिवार्य>>	आदेश की तिथि <<अनिवार्य>>	खाना संख्या (4) में उल्लिखित आदेश में शामिल कुल राशि (कर, ब्याज और शास्ति) <<अनिवार्य>>	दस्तावेजों / सांविधिक प्ररूपों को जमा करने के आधार पर छूट का दावा (डीएलडब्ल्यू)	शुद्ध बकाया देय (खाना (6)–(7)) (कर, ब्याज और शास्ति)	खाना (8) से ब्याज की राशि (रूपये में)	खाना (8) से शास्ति की राशि (रूपये में)
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(8क)	(8ख)
1	सीएसटी	2015-16	05	05.04.2016	83,00,00,000 रुपये	10,01,25,000 रुपये	72,98,75,000 रुपये	5,00,00,000 रुपये	5,00,00,000 रुपये
2									
3									
4									
5									
6									
7									
8									

खाना संख्या (8) में शामिल कर की राशि <<अनिवार्य>> (शुद्ध कर मांग) [(8)–(8क)–(8ख)]	स्कीम के स्लैब के अनुसार मानक छूट का प्रतिशतता (मानक छूट स्लैब वार लागू होगी)	स्कीम के अधीन खण्ड (8) के अनुसार कर की कुल स्लैब वार मानक छूट	स्कीम के अधीन भुगतानयोग्य व्यवस्थापन राशि – खाना (9) – (खाना (11) का कुल योग)	खाना (8क) में दर्शाई गई ब्याज की व्यवस्थापन राशि (अर्थात् 0%)	खाना (8ख) में दर्शाई गई शास्ति की व्यवस्थापन राशि (अर्थात् 0%)	भुगतान योग्य शुद्ध राशि (12)+(13)+(14) <<अनिवार्य>>
(9)	**(10)**	**(11)**	**(12)**	**(13)**	**(14)**	**(15)**
62,98,75,000 रुपये	i) 1 रुपये से 1 लाख रुपये तक – 100%	1,00,000	00	00	00	00
	ii) 1 लाख से अधिक से 10 लाख तक – 60%	5,40,000	3,60,000			3,60,000
	iii) 10 लाख से अधिक से 1 करोड़ तक– 50%	45,00,000	45,00,000			45,00,000
	iv) 1 करोड़ से अधिक से 10 करोड़ तक– 40%	3,60,00,000	5,40,00,000			5,40,00,000
	v) 10 करोड़ रुपये से 30 करोड़ तक – 35%	7,00,00,000	13,00,00,000			13,00,00,000
	vi) 30 करोड़ रुपये से 60 करोड़ तक – 30%	9,00,00,000	21,00,00,000			21,00,00,000
	v) 60 करोड़ रुपये से अधिक– 0%	00	2,98,75,000			2,98,75,000
	योग	**20,11,40,000**	**42,87,35,000**	**00**	**00**	**42,87,35,000**

अनुसूची–II

[देखिए खण्ड 8(6)]

किस्तों में भुगतान का विकल्प

क्रम संख्या	स्कीम के अधीन व्यवस्थापन राशि	आवेदन के समय भुगतान की जाने वाली राशि	दूसरी किस्त (व्यवस्थापन के अनंतिम आदेश की तिथि से 60 दिन के भीतर) ओटीएस–4क	तीसरी किस्त (व्यवस्थापन के अनंतिम आदेश की तिथि से 120 दिन के अंदर)
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1.	5 लाख रूपए तक	प्ररूप ओटीएस–1 के साथ भुगतान की जाने वाली पूर्ण तथा अंतिम व्यवस्थापन राशि।	शून्य	शून्य
2.	5 लाख रूपए से 25 लाख रूपए तक	प्ररूप ओटीएस–1 के साथ व्यवस्थापन राशि का 50 प्रतिशत।	प्ररूप ओटीएस–1क में सूचना के साथ व्यवस्थापन राशि का शेष 50 प्रतिशत।	शून्य
3.	25 लाख रूपए से अधिक	प्ररूप ओटीएस–1 के साथ व्यवस्थापन राशि का 40 प्रतिशत।	प्ररूप ओटीएस–1क में सूचना के साथ व्यवस्थापन राशि का 30 प्रतिशत।	प्ररूप ओटीएस–1ख में सूचना के साथ व्यवस्थापन राशि का 30 प्रतिशत।

आशिमा बराड़
आयुक्त एवं सचिव, हरियाणा सरकार
आबकारी तथा कराधान विभाग।

प्ररूप ओटीएस–1

अनुसूची–I, Iक और II

{देखिए खण्ड 3(2) और (3), खण्ड 6, खण्ड 7 (ii), खण्ड 8 (2), (5) और (10) और खण्ड 9(2)}

हरियाणा बकाया देयों की वसूली करने हेतु एकबारगी व्यवस्थापन स्कीम, 2026 चुनने के लिए आवेदन प्ररूप

<<सिस्टम जनित विशिष्ट संख्या और तिथि>>

क्रम संख्या		विवरण	
1	(क)	आवेदक का नाम (कृपया आवेदक की परिभाषा देखें)	<< अनिवार्य>>
	(ख)	सुसंगत अधिनियम के अधीन पंजीकरण संख्या (यदि पंजीकृत है) (यदि पंजीकृत नहीं है, तो कृपया अपंजीकृत का उल्लेख करें)	<<अनिवार्य>> i. अपंजीकृत ii. वैट–पूर्व अवधि में पंजीकृत iii. वैट अवधि में पंजीकृत
	(ग)	स्थायी खाता संख्या	<< अपलोड विकल्प >> + टिप्पणी बॉक्स << अनिवार्य फील्ड >>
	(घ)	मोबाइल	<<अनिवार्य >>
	(ड)	ई–मेल आईडी	<<अनिवार्य >>
	(च)	एससीओ/बूथ/दुकान/बिल्डिंग/फ्लैट/फ्लोर संख्या	<<अनिवार्य >>
	(छ)	सेक्टर/क्षेत्र	<<अनिवार्य >>
	(ज)	शहर/ नगर /गाँव	<<अनिवार्य>>
	(झ)	जिला	<<ड्रॉप डाउन>><<अनिवार्य>>
	(ञ)	पिन कोड	<<अनिवार्य>>
	(ट)	राज्य	हरियाणा
	(ठ)	आधिकारिक जिला	<<ड्रॉप डाउन>>
	(ड.)	आधिकारिक वार्ड	<<ड्रॉप डाउन>>
2	(क)	प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता का नाम **	<<अनिवार्य>>
	(ख)	प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता की ई–मेल आईडी	<<अनिवार्य>>
	(ग)	प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता का मोबाइल संख्या	<<अनिवार्य>>
	(घ)	प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता का कोई भी आईडी प्रमाण (पैन/आधार कार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस/वोटर आईडी कार्ड/पासपोर्ट/पीपीपी या सरकार द्वारा जारी कोई अन्य आईडी कार्ड)	<< अपलोड विकल्प >> + टिप्पणी बॉक्स << अनिवार्य फील्ड >>
3	सुसंगत अधिनियम का नाम और अवधि जिसके लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया है।		सुसंगत अधिनियम <<ड्रॉप डाउन>> (केवल एक ही विकल्प चुन सकते हैं) निर्धारण वर्ष<<ड्रॉप डाउन>> (केवल एक ही विकल्प चुन सकते हैं)
4	क्या बकाया देय 'निर्धारित या गैर–निर्धारित' हैं?		निर्धारित ☐ गैर–निर्धारित ☐ <<यदि गैर–निर्धारित चुना है, तो ओटीएस –1, जनित नहीं होगा>>

5	क्या सुसंगत अधिनियम के अधीन किसी अपीलीय प्राधिकारी, हरियाणा कर न्यायाधिकरण, पजांब तथा हरियाणा उच्च न्यायालय या सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष कोई मामला लंबित है?	हाँ ☐ यदि हां चुना गया है तो निम्नलिखित एकाधिक टिप्पणी बॉक्स खुल जाने चाहिए: 1. केस संख्या ☐ 2. प्राधिकरण के समक्ष लंबित ☐ 3. अपील/मुकदमा संख्या दायर ☐ करने की तिथि नही ☐ <<अनिवार्य क्षेत्र>>
6	क्या आवेदक के खिलाफ सुसंगत अधिनियम के अधीन इस वर्ष के लिए किसी भी कारण (कारणों) से आपराधिक कार्यवाही शुरू की गई है?	हाँ ☐ नही ☐ << यदि हां चयनित है, तो ओटीएस–1 जनित नहीं किया जा सकता >>
7	क्या सुसंगत अधिनियम के अधीन इस वर्ष के लिए मांग गलत रिफंड से संबंधित है?	हाँ ☐ नही ☐ << यदि हां चयनित है, तो ओटीएस–1 जनित नहीं किया जा सकता >>
8	क्या हरियाणा बकाया देयों की वसूली करने हेतु एकमुश्त व्यवस्थापन स्कीम, 2023 या हरियाणा बकाया देयों की वसूली करने हेतु एकबारगी व्यवस्थापन स्कीम, 2025 में आवेदन किया है और आवेदन सुसंगत अधिनियम के अधीन अस्वीकृत नहीं किया गया है ?	हाँ ☐ नही ☐ <<यदि हां चयनित है, वितीय वर्ष का ड्रॉप डाउन और ओटीएस–1 संदर्भ संख्या व तिथि के लिए एकाधिक कमेंट बॉक्स खुलेगा।>> [आवेदन आगे नहीं बढ़ेगा]
9	क्या घोषणा–संबद्ध छूट मांगी जा रही है	हाँ ☐ नही ☐ <<यदि हां चयनित है, ओटीएस–1 के साथ उपलब्ध कराए गए उन दस्तावेजों की सूची जिन्हें अपलोड किया जाना है। >> <<अनिवार्य>> तालिका–V
10	केवल हरियाणा सामान्य बिक्री कर अधिनियम, 1973 के अधीन बकाया देयों के व्यवस्थापन का विवरण हरियाणा सामान्य बिक्री कर अधिनियम, 1973 को छोड़कर, अन्य सुसंगत अधिनियमों के अधीन बकाया देयों के व्यवस्थापन का विवरण	

तालिका–I

हरियाणा सामान्य बिक्री कर अधिनियम, 1973 के अधीन केवल निर्धारित बकाया देयों के बदले व्यवस्थापन राशि का निर्धारण

क्रम संख्या	सुसंगत अधिनियम का नाम <<स्वतः भरा हुआ>>	निर्धारण वर्ष <<स्वतः भरा हुआ>>	आदेश संख्या, जिसके द्वारा बकाया देय निर्धारित किए गए थे << अनिवार्य >>	आदेश की तिथि <<अनिवार्य >>	आदेश के अनुसार कुल निर्धारित बकाया देय (कर, ब्याज और शास्ति सहित)	खाना (6) से ब्याज की राशि (रूपये में)	खाना (6) से शास्ति की राशि (रूपये में)
(1)	**(2)**	**(3)**	**(4)**	**(5)**	**(6)**	**(6क)**	**(6ख)**
1							
2							

खाना (6) में से कुल निर्धारित बकाया कर देय [(6)–(6क)–(6ख)] (रु. में)	बकाया निर्धारित कर देय का स्लैब	स्कीम के स्लैब के अनुसार मानक छूट की प्रतिशतता	खाना (9) के अनुसार स्कीम के अधीन कर की स्लैब बार कुल मानक छूट	स्कीम के अधीन भुगतान–योग्य व्यवस्थापन राशि (खाना (7)–(10))	खाना (6क) में दर्शाई गई ब्याज की व्यवस्थापन राशि (अर्थात् 0%)	खाना (6ख) में दर्शाई गई शास्ति की व्यवस्थापन राशि (अर्थात् 0%)	कुल भुगतानयोग्य व्यवस्थापन राशि [(11)+(12)+(13)]
(7)	(8)	(9)	(10)	(11)	(12)	(13)	(14)
	(i) 1 रुपये से 1 लाख रुपये तक	100%					
	(ii) रुपये 1 लाख से अधिक	70%					

तालिका– II

अनुसूची–Iक के अनुसार, हरियाणा सामान्य बिक्री कर अधिनियम, 1973 को छोड़कर, अन्य सुसंगत अधिनियमों के अधीन बकाया देयों के व्यवस्थापन का विवरण

क्रम संख्या	सुसंगत अधिनियम का नाम <<स्वतः भरा हुआ>>	निर्धारण वर्ष <<स्वतः भरा हुआ>>	आदेश संख्या जिसके द्वारा बकाया देय निर्धारित किये गये <<अनिवार्य>>	आदेश की तिथि << अनिवार्य>>	खाना संख्या (4) में उल्लिखित आदेश में शामिल कुल राशि (कर, ब्याज और शास्ति) <<अनिवार्य>>	दस्तावेजों / सांविधिक प्ररूपों को जमा करने के आधार पर छूट का दावा (डीएलडब्ल्यू)	शुद्ध बकाया देय (खाना (6)–(7)) (कर, ब्याज और शास्ति)	खाना (8) से ब्याज की राशि (रूपये में)	खाना (8) से जुर्माने की राशि (रूपये में)
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(8क)	(8ख)
1									
2									
3									
4									
5									
6									
7									
8									

खाना संख्या (8) में शामिल कर की राशि <<अनिवार्य>> (शुद्ध कर मांग) [(8)–(8क)–(8ख)]	स्कीम के स्लैब के अनुसार मानक छूट का प्रतिशतता (मानक छूट स्लैब के अनुसार लागू होगी)	स्कीम के अधीन खण्ड (8) के अनुसार कर की कुल स्लैब के अनुसार मानक छूट	स्कीम के अधीन भुगतानयोग्य व्यवस्थापन राशि [खाना (9)–(खाना (11) का कुल योग)]	खाना (8क) में दर्शाई गई ब्याज की व्यवस्थापन राशि (अर्थात् 0%)	खाना (8ख) में दर्शाई गई शास्ति की व्यवस्थापन राशि (अर्थात् 0%)	भुगतान योग्य शुद्ध राशि (12)+(13)+(14) <<अनिवार्य>>
(9)	(10)	(11)	(12)	(13)	(14)	(15)
	i) 1 रुपये से 1 लाख रुपये तक – 100%					

	ii) 1 लाख से अधिक से 10 लाख तक – 60%					
	iii) 10 लाख से अधिक से 1 करोड़ तक– 50%					
	iv) 1 करोड़ से अधिक से 10 करोड़ तक– 40%					
	v) 10 करोड़ रुपये से 30 करोड़ तक – 35%					
	vi) 30 करोड़ रुपये से 60 करोड़ तक – 30%					
	v) 60 करोड़ रुपये से अधिक– 0%					
	योग					

11	तालिका–I के 10(14) या तालिका–II के 10(15) जैसा भी मामला हो, के अनुसार, कुल व्यवस्थापन राशि।	ऑटो पॉपुलेटेड, तालिका–I के कॉलम 10(14) में या तालिका–II के कॉलम 10(15) में कुल योग के कुल आंकडे।
12	तालिका–I के 10(14) या तालिका–II के 10(15) जैसी भी स्थिति हो, के अनुसार बकाया व्यवस्थापन राशि की श्रेणी	₹5 लाख तक, ₹5 लाख से ₹25 लाख तक, ₹25 लाख से अधिक <<स्वतः भरा हुआ>>
13	क्या किस्त सुविधा का विकल्प चुना गया है	हां ☐ नही ☐ लागू नहीं ☐ (यदि क्रम संख्या 11 में व्यवस्थापन राशि ₹5 लाख तक है)
14	किस्त अनुसूची **तालिका- III**	

क्रम संख्या	कुल व्यवस्थापन राशि (तालिका I का 10(14) या तालिका II का 10(15), जैसा भी मामला हो)	ओटीएस–1 के साथ भुगतानयोग्य पहली किस्त की राशि (अगर व्यवस्थापन राशि 5 लाख तक है, तो पूरा भुगतान। अगर व्यवस्थापन राशि 5 लाख से ज्यादा और 25 लाख तक है, तो 50% या अगर 25 लाख से ज्यादा है, तो 40%)	दूसरी किस्त की राशि (50% यदि व्यवस्थापन राशि 5 लाख से 25 लाख के बीच है, या 30% यदि 25 लाख से अधिक है)	दूसरी किस्त की तिथि	तीसरी किस्त की राशि (व्यवस्थापन राशि का 30%, अगर यह 25 लाख से ज्यादा है)	तीसरी किस्त की तिथि
(1)	**(2)**	**(3)**	**(4)**	**(5)**	**(6)**	**(7)**
1						

15	किए गए भुगतान का विवरण **तालिका– IV**					
	क्रम संख्या	**जीआरएन का क्रम संख्या**	**जीआरएन की तिथि**	**सीआईएन की क्रम संख्या**	**सीआईएन की तिथि**	**राशि (रुपये में)**
	(1)	**(2)**	**(3)**	**(4)**	**(5)**	**(6)**
	1					
	2					

	☐ मैं सहमत हूं कि ऊपर दिए गए जीआरएन विवरण की जांच कर ली गई है और पहले कहीं भी इसका उपयोग नहीं किया गया है।	कुल
16	अपलोड किए जाने वाले दस्तावेज (क्रम संख्या 9 को छोड़कर)	1. स्थाई खाता संख्या 2. निर्धारण आदेश जिसके द्वारा देय निर्धारित किया गया था 3. लंबित अपीलों का प्रमाण, यदि कोई हो 4. भुगतान का प्रमाण 5. कोई अन्य दस्तावेज

17 **तालिका– V**

खाना 9 के अनुपालन में ओटीएस–1 के साथ अपलोड किए जाने वाले दस्तावेजों की सूची

क्रम संख्या	दस्तावेज/ सांविधिक प्ररूप का नाम	दस्तावेज/ सांविधिक प्ररूप की संख्या	दस्तावेज/ सांविधिक प्ररूप की तिथि	लेन–देन का मूल्य	शामिल कर/ आईटीसी	क्या दस्तावेज भौतिक रूप से जमा किए गए है और मिलान किया गए है? (हाँ/नहीं)(केवल कार्यालय उपयोग के लिए)	दस्तावेज/ सांविधिक प्ररूप के सत्यापन की तिथि और संदर्भ (केवल कार्यालय उपयोग के लिए)
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)

18 **घोषणा:**

मैं यहां यह घोषणा करता हूं कि ऊपर दी गई जानकारी और घोषणाएं मेरी जानकारी के अनुसार सत्य और सही तथा रिकॉर्ड पर उपलब्ध सामग्री/दस्तावेजों के अनुसार हैं। इसका कोई भी भाग असत्य नहीं है और इसमें कुछ भी छिपाया नहीं गया है। हरियाणा बकाया देयों की वसूली के लिए एकबारगी व्यवस्थापन स्कीम, 2026 को इसके नियमों और शर्तों को पूरी तरह से समझने के बाद चुना गया है।

मैं यह भी पुष्टि करता हूं कि मैं, मुझ पर लागू होने वाली व्यवस्थापन राशि का भुगतान करूंगा। मैं आगे पुष्टि करता हूं कि किसी भी लंबित राशि का भुगतान करने में विफलता के मामले में, स्कीम के अधीन किए गए किसी भी भुगतान को सुसंगत अधिनियम के अधीन मेरी देनदारियों के खिलाफ समायोजित किया जाएगा और किसी भी मामले में वापस नहीं किया जाएगा।

(आवेदक का नाम)

स्थान:_____ <<स्वतः जनित>>(संपादन योग्य)

दिनांक:<<स्वतः उत्पन्न>>

टिप्पण:–सभी धनराशि रुपये में भुगतान की जाएगी।

**

कारोबार की रचना	वह व्यक्ति जिसे ओटीएस दायर करने हेतु प्राधिकृत किया जा सकता है
स्वामित्व	स्वामी
साझेदारी	प्रबंधक/प्राधिकृत भागीदार
हिंदू अविभाजित परिवार	कर्ता
निजी लिमिटेड कम्पनी	प्रबंधक/पूर्णकालिक निदेशक
पब्लिक लिमिटेड कम्पनी	प्रबंधक/पूर्णकालिक निदेशक
सोसायटी/क्लब/ट्रस्ट/एओपी	प्रबंधक समिति के सदस्य
सरकारी विभाग	प्रभारी व्यक्ति

सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम	प्रबंधक/पूर्णकालिक निदेशक
अनलिमिटेड कंपनी	प्रबंधक/पूर्णकालिक निदेशक
लिमिटेड देयता भागीदारी	पदाभिहित भागीदार
स्थानीय प्राधिकारी	मुख्य कार्यकारी अधिकारी या समकक्ष
सांविधिक निकाय	मुख्य कार्यकारी अधिकारी या समकक्ष
विदेशी कंपनी	भारत में अधिकृत व्यक्ति
विदेशी लिमिटेड देयता भागीदारी	भारत में अधिकृत व्यक्ति
अन्य (विनिर्दिष्ट करें)	प्रभारी व्यक्ति

प्ररूप ओटीएस–1क
[देखिए खण्ड 8(7)]

हरियाणा बकाया देयों की वसूली करने हेतु एकबारगी व्यवस्थापन स्कीम, 2026 के अधीन दूसरी किस्त की सूचना

<<सिस्टम द्वारा जनित विशिष्ट संख्या और तिथि>>

क्रम संख्या		विवरण	
1	(क)	आवेदक का नाम	<< ऑटो पॉपुलेटेड>>
	(ख)	सुसंगत अधिनियम के अधीन पंजीकरण संख्या (यदि पंजीकृत है) (यदि पंजीकृत नहीं है तो कृपया 'अपंजीकृत' उल्लेख करें)	<< ऑटो पॉपुलेटेड>> i. अपंजीकृत ii. वैट–पूर्व अवधि में पंजीकृत iii. वैट अवधि में पंजीकृत
	(ग)	ओटीएस–1 की सिस्टम जनित विशिष्ट संख्या और तिथि	इनपुट बॉक्स<<स्वचालित>>
	(घ)	ओटीएस–4क की सिस्टम जनित विशिष्ट संख्या और तिथि	<< ऑटो पॉपुलेटेड>>
	(ड)	आधिकारिक जिला	<< ऑटो पॉपुलेटेड>>
	(च)	आधिकारिक वार्ड	<< ऑटो पॉपुलेटेड>>
2	(क)	प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता का नाम	<< ऑटो पॉपुलेटेड>>
	(ख)	प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता की ई–मेल आईडी	<< ऑटो पॉपुलेटेड>>
	(ग)	प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता का मोबाइल संख्या	<< ऑटो पॉपुलेटेड>>
3	सुसंगत अधिनियम का नाम और अवधि जिसके लिए यह आवेदन प्रस्तुत किया गया है।		सुसंगत अधिनियम<< ऑटो पॉपुलेटेड >> निर्धारण वर्ष<<ऑटो पॉपुलेटेड>>
4	प्ररूप ओटीएस–1 की क्रम संख्या 11 के अनुसार कुल व्यवस्थापन राशि		<< ऑटो पॉपुलेटेड >>
5.	प्ररूप ओटीएस–4क के अनुसार कुल व्यवस्थापन राशि		
6	किस्त अनुसूची <<प्ररूप ओटीएस–4क से ऑटो पॉपुलेटेड>>		

क्रम संख्या	कुल व्यवस्थापन राशि (तालिका–I का 10(14) अथवा तालिका–II का 10(15), जैसा भी मामला हो के बराबर) (ओटीएस-4क)	ओटीएस–1 के साथ जमा की गई पहली किस्त की राशि (अगर व्यवस्थापन राशि 5 लाख तक है, तो पूरा पेमेंट। अगर व्यवस्थापन राशि 5 लाख से ज्यादा और 25 लाख तक है, तो 50% या अगर 25 लाख से ज्यादा है, तो 40%)	दूसरी किस्त की राशि (50% यदि व्यवस्थापन राशि 5 लाख से 25 लाख के बीच है, या 30% यदि 25 लाख से अधिक है)	दूसरी किस्त की तिथि	तीसरी किस्त की राशि (रोटलमेंट राशि का 30%, अगर यह 25 लाख से ज्यादा है)	तीसरी किस्त की तिथि
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
1						

